pan>

Title: Need to develop national highway from Kanpur to Sagar as a four-lane road.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर): माननीय सभापति महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र हमीरपुर, जो बुंदेलखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत आता है, की एक बहुत बहुत बड़ी समस्या को इस सदन में सात-आठ बार रख चुका हूँ। यह विषय राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित है।

हमारे यहाँ कानपुर से सागर तक राष्ट्रीय राजमार्ग है। जब उत्तर प्रदेश में सपा और बसपा की सरकार थी, उस समय वहाँ पर बीओटी प्रोजेक्ट में किसी एक प्राइवेट कम्पनी को अप्रूवल दिया गया। उन्होंने केवल टू-लेन रोड बनाई, फोर-लेन रोड नहीं बन पाई। इसका दुष्परिणाम हुआ, क्योंकि हमारे यहाँ से माइनिंग के लिए हजारों की संख्या में ट्रक्स वहाँ से जाते हैं।

आपके माध्यम से भारत सरकार से मेरा निवेदन है कि उस बीओटी प्रोजेक्ट के साथ-साथ उनको इस बात के लिए बाध्य किया जाए या भारत सरकार द्वारा कानपुर से सागर तक के राष्ट्रीय राजमार्ग को फोर-लेन शीघ्र-से-शीघ्र बनाया जाए। जो विषय मैं बता रहा हूँ, आप सोचेंगे कि यह अतिश्योक्ति है। हाइवे के किनारे बहुत-से गांव हैं। एक-एक गांव के तीस-चालीस बच्चों की मृत्यु बाइक एक्सीडेंट के कारण हो चुकी है। अनेक दुखद मृत्यु हो गई हैं। बहुत-से पेरेंट्स ने अपने बच्चों की नौकरी छुड़वा दी है। उनको कहा गया है कि आप घरों में सुरक्षित रहें। जब तक फोर-लेन रोड न बन जाए, तब तक लोग वहाँ से न चलें। कानपुर से घाटमपुर, हमीरपुर, भरवा, सुमेरपुर, मोदहा, कबरई, महोबा आदि क्षेत्र इससे प्रभावित हैं। आपके माध्यम से मेरा यह विशेष आग्रह है।

इसी के साथ मैं एक बात यह भी जोड़ना चाहता हूँ कि जब तक यह फोर-लेन नहीं बन जाता है, तब तक हमारे यहाँ ट्रकों के आवागमन को केवल रात में कर दिया जाए। ऐसी व्यवस्था बनाई जाए ताकि ट्रक वालों को भी दिक्कत न हो

और जो क्षेत्रवासी बाइक और कार से चलते हैं, वे कम से कम दिन में सुगमता से चल सकें।

माननीय सभापति : श्री निहाल चन्द चौहान।

श्री दीपक बैज।